

# ऊर्जाधानी में बढ़ता प्रदूषण बना जानलेवा संकट

## मोरवा से बैढ़न तक धूल और कोयला डस्ट का कहर, एक्यूआई 235 पहुंचा, लोगों की सेहत पर मंडराया खतरा

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 16 अप्रैल। जिले में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार खतरनाक स्थिति की ओर बढ़ता जा रहा है। आज गुरुवार को सिंगरौली का एक्यूआई 235 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। बढ़ते प्रदूषण ने आम जनजीवन को गंभीर रूप से प्रभावित कर दिया है। मोरवा के शुक्ला मोड़ से लेकर मुख्य बाजार तक चारों ओर धूल और कोयले की उड़ती डस्ट के अलावा कुछ भी नजर नहीं आता। सड़क पर चलना तक मुश्किल हो गया है और लोग सांस संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं।**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अमला कार्यालय से बाहर निकलकर जमीनी स्थिति देखने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। यही कारण है कि प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है और जिम्मेदार विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। मोरवा क्षेत्र में कोयले से लदे भारी वाहनों की आवाजाही के कारण कोल डस्ट हवा में घुलकर लोगों के घरों तक पहुंच रही है। आलम यह है कि घरों के फर्श, फर्नीचर और छतों पर कोयले की महीन काली परत जम रही है। वहीं बैढ़न क्षेत्र की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। देवरा तिराहा से लेकर अदाणी टाउनशिप के बीच सड़क पर धूल का गुबार लगातार बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदारों द्वारा सड़क को बुरी तरह तहस-नहस कर दिया गया है। करीब 100 मीटर की दूरी तय करने में भी बाइक सवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उड़ती धूल से आंखों में जलन, खांसी और सांस लेने में दिक्कत आम बात हो गई है। यह समस्या केवल आज की नहीं, बल्कि पिछले एक सप्ताह से लगातार बनी हुई है।





आलम यह है कि जिला मुख्यालय बैढ़न के ननि का मॉडल सड़क की स्थिति बेहद खराब है। टूटी सड़के, खाईनुमा गड्ढों के आगे चालक एवं दुकानदार, व्यापारी परेशान हैं। सड़क से डस्ट इतना उड़ रहा है कि दुकानदार अपने सामग्रियों का सफाई करते थक जा रहे हैं। सबसे ज्यादा सड़कों का तहस-नहस सीवरेज ठेकेदार ने किया है। हालांकि 20 अप्रैल से सड़क निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा।

### बिजली के चिमनियों के राख का असर बैढ़न में भी

एनटीपीसी विंध्याचल एवं सासन पावर के चिमनियों से निकलने वाले धुएं के राख का असर बैढ़न अंचल में व्यापक असर है। गनियारी, बलियरी, बिलौंजी व ताली तो विंध्यनगर से 7 किलोमीटर, यानी चिमनी से करीब 9 किलोमीटर दूर है, इसके बावजूद यहां बराबर घरों के पेड़-पौधों पर राख एवं कोयला का डस्ट नजर आता है। विंध्यनगर के आसपास गहिलगढ़, नवजीवन बिहार, हर्रई पश्चिम, बनौली, हर्रई पूर्व व ढोटी समेत आसपास के गांव व मोहल्लों की हालत बेहद खराब है। यहां के रहवासी कोयले एवं राख के डस्ट से इतना त्रस्त हो गए हैं कि अब शासन-प्रशासन व एनटीपीसी के प्रबंधन को भी कोसने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं। यही हाल सासन पावर के समीपी गांव का है। यहां भी चिमनी के राख से दर्जनों गांव के लोग परेशान हैं। हालांकि एनटीपीसी व सासन पावर का दावा है कि धुआं नियंत्रण में है।

### गनियारी-बलियरी में राखड़ बनी आफत, सड़कें जर्जर


प्रदूषण बढ़ने से बच्चे, बुजुर्ग और अस्थमा के मरीज सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। अस्पतालों में सर्दी, खांसी, एलर्जी और सांस संबंधी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। चिकित्सकों ने भी लोगों को मास्क पहनने और अनावश्यक बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। इधर बैढ़न क्षेत्र अंतर्गत गनियारी और बलियरी में राखड़ का आतंक लोगों के लिए बड़ी समस्या बन चुका है। राखड़ और धूल के कारण पूरे इलाके में सफेद धुंध जैसी स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल सड़क मरम्मत, पानी का छिड़काव और प्रदूषण नियंत्रण के प्रभावी उपाय करने की मांग की है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो स्थिति और भयावह हो सकती है।

# जियावन रेंज के मेढ़ एवं महुली खाड़ी के जंगल में लगी आग

## धीरे-धीरे फैल रही आग, वन अमला बेसुध

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 16 अप्रैल। जिले के वन परिक्षेत्र जियावन के मेढ़ एवं महुली खाड़ी जंगल में भीषण आग लगने की जानकारी मिल रही है। बताया जा रहा है कि आग धीरे-धीरे विकराल रूप ले चुकी है। वहीं चर्चा है कि वन अमला बेसूध है। लगी इस भीषण आग से पेड़-पौधों के साथ-साथ जड़ीबुटियां भी आग में स्वाहा हो जा रहे हैं। जिसका वीडियों भी शोसल मीडिया में वायरल हो रहा है।**



जानकारी के अनुसार जियावन रेंज के मेढ़ के साथ-साथ महुली खाड़ी जंगल की तरफ आग लगी हुई है। जैसे-जैसे हवा की गति बढ़ रही है, उसी गति से आग जंगल को अपने चपेट में ले रही है। बताया जाता है कि आग जैसे-जैसे फैल रही है, पेड़-पौधे भी जलकर नष्ट हो रहे हैं। यहां तक कि जड़ीबुटियां भी आग में खाक हो जा रहे हैं। जानकारी में बताया जा रहा है कि इस मामले में स्थानीय वन अमला जहां अनजान है, वहीं आग लगने के कारणों का पता नही लग पा रहा है। लेकिन आग जंगल को धीरे-धीरे अपनी चपेट में ले ली है। जंगल में आग कब लगी, इस बात की पुष्टि नही हो पा रही है, लेकिन सोशल मीडिया में वीडियों वायरल होते ही वन अमले की कार्यशैली पर सवाल उठाया जा रहा है।

## एक नजर में

### कथुरा में जल स्रोत सेवा समागम कार्यक्रम आयोजित



**सिंगरौली।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्रोत सेवा समागम कार्यक्रम संस्था हेल्प फाउंडेशन द्वारा जिला सिंगरौली विकासखंड बैढ़न सेक्टर करसुआराजा के ग्राम पंचायत कथुरा में बैठक संगोष्ठी एवं गाद की साफ -सफाई कर जल शपथ इत्यादि का कार्यक्रम हुआ संपन्न। संस्था प्रमुख रजनीश धर द्विवेदी द्वारा बताया गया कि आज गुरूवार को म.प्र. जन अभियान परिषद सिंगरौली के जिला समन्वयक के नेतृत्व में जल स्रोत सेवा समागम में नवांकुर संस्था हेल्प फाउंडेशन के कार्यक्रम समन्वयक सिया वैश्य सहित अन्य के सहयोग से कार्यक्रम किया गया।

### बाल विवाह रोकने उड़नदस्ता दल गठित

**सिंगरौली।** कलेक्टर गौरव बैनल के द्वारा अक्षय तृतीया 20 अप्रैल के अवसर पर संभावित बाल विवाह की घटनाओं को रोकने के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं बड़ी संख्या में विवाह संपन्न होते हैं, जिसके कारण बाल विवाह को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास सहित सभी संबंधित विभागों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देशित किया है।

### युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार का अवसर

**सिंगरौली।** महा प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के द्वारा अवगत कराया गया है कि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिंगरौली द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बैंक शाखावार लक्ष्य निर्धारण करते हुए कुल 260 का लक्ष्य तय किया गया है।



# छात्रों व शिक्षकों के मेहनत का आइना होता है परीक्षा परिणाम : प्रियंका

## अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों का किया अभिनंदन

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 16 अप्रैल। शाउमावि पंजरेह में आज 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट अंक लाने वाले छात्रों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें होनहार छात्राओं को माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया।**

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के परीक्षा प्रभारी साहबलाल बैस ने बताया कि विद्यालय के छात्र मो. शमीम ने 93 प्रतिशत अंक हासिल कर कला संकाय में जिला में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं विद्यालय में 88.40 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान विज्ञान संकाय की छात्रा मुस्कान कुमारी ने प्राप्त किया है। तीसरे स्थान पर जान्हवी अग्रहरी ने 88 प्रतिशत अंक हासिल किया है। हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में कृष कुमार शाह ने 96.40 प्रतिशत अंक हासिल किया है। दूसरे स्थान पर दीपक कुमार गौतम ने 93.80 व रियान ने 92.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के कक्षा 12वीं में 163 विद्यार्थियों में से 162 ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं 10वीं कक्षा में 79 में से 77 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इधर इस साल 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले 50 विद्यार्थियों को लैपटॉप योजना का लाभ मिलेगा। सम्मान समारोह में प्राचार्य प्रियंका शुक्ला ने विद्यालय में अच्छे परीक्षा परिणाम लाने के प्रयासों को साझा करते हुए विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों की मेहनत की सराहना की। जय प्रताप सिंह, रेखा सिंह, गौरी शंकर, अर्जुन प्रसाद, सूरज कुमार तिवारी व धीरेंद्र कुमार जायसवाल, पूनम सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# 10वीं में निजी विद्यालयों व कक्षा 12वीं में सरकारी विद्यालयों ने मारी बाजी

## टॉप-5 में छात्र-छात्राओं का शानदार प्रदर्शन, जिले की रैंक फिसली, उठने लगे तरह-तरह के सवाल

**नवभारत न्यूज**


**सिंगरौली 16 अप्रैल। माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल के द्वारा बुधवार को घोषित 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा की परिणाम में जिले के प्रावीण्य टॉप-5 में कक्षा 10वीं में प्राईवेट विद्यालयों एवं 12वीं कक्षा में सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने स्थान बनाने में सफल रहे हैं।**

जिला शिक्षा कार्यालय सिंगरौली के आईटी सेल संयोजक गुरू राजेन्द्रधर द्विवेदी के अनुसार वर्ष 2025-26 के घोषित हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में जिले के टॉप-5 टॉपर में कृष्ण कुमार शाह पिता प्रेमचन्द्र शाह पाइनियर पब्लिक हाई स्कूल सरई 489, अमर कुमार साहू पिता संजय कुमार साहू आदर्श सस्वती हाई सेकण्डरी स्कूल सिंगरौली 489, अभय पाण्डेय पिता राजीव कुमार पाण्डेय ग्लोरियस पब्लिक हाई स्कूल सिंगरौली 488, विश्वजीत वर्मा रविचन्द्र साकेत 487, सरस्वती उमा बैढ़न, नैतिक द्विवेदी पिता बंशकुमार द्विवेदी इन्टरनेशनल पब्लिक स्कूल गोरबी 487 अंक हासिल कर जिले के टॉप-5 में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। इधर जिले के टॉप-5 के सूची में मो. समीम पिता मो. मंसूर आलम 465 अंक शासकीय उमावि पंजरेह, जसमेर आलम पिता सहारे आलम 462-शाउमावि चरगोड़ा, दिव्या पाण्डेय पिता देवेन्द्र कुमार पाण्डेय 479-सरस्वती उमावि बैढ़न, अर्पित कुमार पाण्डेय पिता विनोद कुमार पाण्डेय 478- शासकीय बालक उमावि देवसर, आशीष कुमार बैस पिता रामप्रकास बैस 475-सरस्वती उमावि बैढ़न, तपस्या राजेश सिंह पिता बाबो सिंह गहरवार 475 - शासकीय संदीपनी मॉडल उमावि चितरंगी, अर्चना बैस पिता ठाकुर प्रसाद बैस 467 -एक्सीलेंस पब्लिक स्कूल बैरैनिया-डगा, खुशी कुमारी पिता श्यामसुन्दर द्विवेदी 463-सरस्वती उमावि सिंगरौली, अभिषेक कुमार बैस पिता अवधराज बैस 430 -शाउमावि पोड़ी-बरगवां, रूबी निशा पिता मोहम्मद शासकीय कन्या उमावि बैढ़न 426 अंक हासिल कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है।

### 10वीं एवं 12वीं कक्षा में जिले का प्रदेश रैंक में आई गिरावट

कक्षा 12वीं के घोषित परीक्षा परिणाम में सिंगरौली जिले के छात्रों ने इस बार प्रदेश के प्रावीण्य सूची में जगह नही बना पाए हैं। जिले के लिए निराशा जनक है। लेकिन पिछले साल की तुलना में इस वर्ष औसतन 5 प्रतिशत कम परिणाम रहा है। पिछले वर्ष 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 83 .2 था। जबकि इस वर्ष 77 .93 है। वहीं कक्षा 10वीं का पिछले वर्ष परीक्षा परिणाम 78 .24 प्रतिशत रहा है। जबकि इस वर्ष 77 . 76 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में उत्तीर्ण किया है। पिछले वर्ष 2024-25 में कक्षा 10वीं में प्रदेश में जिले का रैंक 24 और कक्षा 12वीं में 11वां रैक था। जबकि इस बार जिले का रैक खिसकर कक्षा 10वीं में 23 एवं 12वीं में 32वें स्थान पर पहुंच गया है।

### बिजली खम्भे में लगी आग



सिंगरौली 16 अप्रैल। जिला मुख्यालय बैढ़न के समीपी गनियारी बस्ती के एक निजी विद्यालय के सामने गुरूवार की रात करीब 8:15 बजे अचानक बिजली के खम्भे में आग लग गई। स्थानीय जनों के सक्रियता से किसी भी प्रकार की जन एवं धन हानि नही हुई। जानकारी के अनुसार गनियारी बस्ती के आदर्श जिनिश स्कूल के सामने बिजली खम्भा में शॉट-सर्किट होने के कारण अचानक धू-धूकर जलने लगा। आसपास के लोग तत्काल इसकी सूचना एमपीईबी को सूचना दी गई।

# खिलाड़ियों का सम्मान, खेल प्रतिभाओं को मिला प्रोत्साहन

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 16 अप्रैल। एनसीएल स्टेडियम सिंगरौली में आयोजित सम्मान समारोह में जिले के प्रतिभावान वॉलीबॉल खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन युवा समाजसेवी लालबाबू वैश्य एवं सीआईएल कप्तान वॉलीबॉल सिंगरौली पंकज वैश्य द्वारा किया गया।**



इस अवसर पर उन खिलाड़ियों को सम्मान दिया गया, जिन्होंने लगातार कड़ी मेहनत कर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले और अपने खेल मैदान का नाम रोशन किया है। सम्मान पाकर खिलाड़ियों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया। कार्यक्रम में खेल जगत से जुड़े लोगों ने कहा कि पंकज वैश्य और लालबाबू वैश्य का यह प्रयास जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। आयोजकों ने खिलाड़ियों को आश्वस्त किया कि खेल हो या शिक्षा, किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए वे हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे।

# आपकी मेहनत जिले के लिए गौरव, निरंतर ऊंचाइयों को छुएं : गौरव

## सिंगरौली के मेधावी छात्रों ने प्रदेश में गाड़ा सफलता का झंडा, कलेक्टर ने बच्चों को मोमेंटो प्रदान कर किया सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 16 अप्रैल। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में जिले के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की प्रावीण्य सूची मेरिट लिस्ट में अपना दबदबा कायम किया है।**



जिले के 5 होनहार छात्रों ने टॉप-टेन में जगह बनाकर न केवल अपने माता-पिता, बल्कि पूरे जिले का मान प्रदेश स्तर पर बढ़ाया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर कलेक्टर गौरव बैनल ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। कक्षा 10वीं में जिले के 5 विद्यार्थियों ने प्रदेश की टॉप-टेन सूची में स्थान बनाकर सिंगरौली का नाम रोशन किया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सिंगरौली के लिए यह अत्यंत हर्ष और गौरव का क्षण है। उन्होंने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि आपकी यह सफलता आपकी कड़ी मेहनत, निरंतर अनुशासन और अटूट संकल्प का परिणाम है।

इस दौरान टॉप 10 में आये छात्र-छात्राओ ने कलेक्टर से संवाद करते कैरियार की संभवानाओं को साझा करते हुये कलेक्टर इंजीनियर, डॉक्टर बनने की मंशा जाहिर की। इस अवसर पर डीईओ एसबी सिंह, सहायक संचालक कविता त्रिपाठी, उत्कृष्ट विद्यालय बैढ़न प्राचार्य पीएन दुबे सहित सरस्वती विद्यालयों के प्राचार्य एवं बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।


भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA जनगणना से जन कल्याण

गृह मंत्रालय भारत सरकार
सत्यमेव जयते

# हमारी जनगणना हमारा विकास

(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-1)

**स्व-गणना क्या है?**
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



- क्या स्व-गणना अनिवार्य है?
  नहीं, यह अतिरिक्त सुविधा है, यदि आप स्व-गणना नहीं करते तो प्रगणक आपके घर आकर जानकारी दर्ज करेगा
- क्या मैं किसी भी भाषा में स्व-गणना कर सकता / सकती हूँ?
  यह सुविधा हिंदी, अंग्रेजी और 14 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है
- क्या स्व-गणना के लिए इंटरनेट जरूरी है?
  हाँ, पोर्टल तक पहुँचने और जानकारी भरने के लिए इंटरनेट आवश्यक है
- क्या मेरी जानकारी सुरक्षित है?
  हाँ, सभी डेटा सुरक्षित, एन्क्रिप्टेड और सरकारी सर्वरों में संरक्षित है
- SE ID क्या है और इसका उपयोग क्या है?
  सबमिशन के बाद आपको एक विशिष्ट 11 अंकों की SE ID मिलेगी (SMS / email से), जिसे प्रगणक के आने पर उन्हें दिखाना आवश्यक होगा
- यदि SE ID भूल जाएँ तो क्या करें?
  पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से SE ID पुनः प्राप्त की जा सकती है
- क्या स्व-गणना के बाद भी प्रगणक आएगा?
  हाँ, प्रगणक आपके घर आएगा और SE ID के आधार पर जानकारी की पुष्टि करेगा
- क्या मुझे कोई दस्तावेज़ अपलोड करने की आवश्यकता है?
  नहीं, किसी भी दस्तावेज़ को अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है
- क्या पोर्टल पर सहायता उपलब्ध है?
  हाँ, पोर्टल पर, यूज़र गाइड, फ्लोचार्ट, ट्यूटोरियल वीडियो, FAQs और टूलटिप्स के रूप में सहायता उपलब्ध है

टोल फ्री - 1855

CBC 19108/13/0023/2627

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusIndia2027